उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या-50 /06/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2021/04-परीक्षा/2018

लखनऊ : दिनांक : 21 दिसम्बर, 2021

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2018, सम्मिलित अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में रिक्त अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन के पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत कतिपय अभ्यर्थियों के फोटो/हस्ताक्षर/जेंडर त्रुटिपूर्ण पाये गये हैं, जिसकी सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उक्त सूची से संबन्धित अभ्यर्थियों को दिनांक 21-12-2021 से 27-12-2021 तक फोटो/हस्ताक्षर/जेंडर में सुधार करने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए उनसे अपेक्षा की जाती है कि वह नियत तिथि तक फोटो/हस्ताक्षर/जेंडर में सुधार कर लें। नियत तिथि के उपरान्त फोटो/हस्ताक्षर/जेंडर में सुधार का कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा इस संबन्ध में किसी प्रत्यावेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा।

Objected श्रेणी के अंतर्गत रखे गये इन अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि तक फोटो/हस्ताक्षर/जेंडर में सुधार न करने की स्थिति में संबन्धित अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र को आयोग द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

21/12/2021

(दिनेश)
परीक्षा नियंत्रक।